# राष्ट्रीय आवास बैंक

## सहायक प्रबंधक (स्केल I) की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा

### <u>सूचना पुस्तिका</u>

इस पुस्तिका में ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वर्णनात्मक और वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्पीय प्रश्नावलियां होंगी :

| अनु. क्र. | प्रश्नावली के नाम (क्रम में नहीं) | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | परीक्षा का माध्यम | प्रत्येक परीक्षा के लिए आबंटित समय (पृथक समय) | प्रश्नावली के प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तर्कशक्ति और कंप्यूटर अभिवृत्ति | 45 | 60 | अंग्रेजी व हिन्दी | 60 मिनट | वस्तुनिष्ठ |
| 2 | सामान्य सचेतता (अर्थव्यवस्था और बैंकिंग पर विशेष ध्यान रखते हुऐ) और कंप्यूटर ज्ञान | 50 | 50 | अंग्रेजी व हिन्दी | 40 मिनट | |
| 3 | अंग्रेजी भाषा | 25 | 30 | अंग्रेजी | 35 मिनट | |
| 4 | संख्यात्मक अभियोग्यता (डाटा विश्लेषण व व्याख्या पर विशेष जोर के साथ) | 35 | 60 | अंग्रेजी व हिन्दी | 45 मिनट | |
| | **कुल** | **155** | **200** | | **03 घंटे** | |
| | अंग्रेजी भाषा * (पत्र लेखन एवं निबंध लेखन) | 02 | 25 | अंग्रेजी | 30 मिनट | **वर्णनात्मक** |

परीक्षा के लिए समय तीन घंटे और तीस मिनट है; तथापि लागिंग इन, बुलावा पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग चार घंटे और तीस मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । प्रश्नावली के निर्धारित समयानुसार आप प्रश्नों के उत्तर दे सकेंगे । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जायेंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है ।*

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल अंकों पर

उम्मीदवार को वर्णनात्मक परीक्षण मूल्यांकन के लिए वस्तुनिष्ठ परीक्षा के प्रत्येक खंड मे न्यूनतम स्कोर प्राप्त करने होंगे ।

वस्तुनिष्ठ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों के ही वर्णनात्मक उत्तर पत्रिका का मूल्यांकन किया जायेगा ।

रिक्तियों के अनुसार वस्तुनिष्ठ उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के अंक तय किये जाएंगे ।

साक्षात्कार के अर्हता के लिए प्रत्येक उम्मीदवार को वस्तुनिष्ठ परीक्षा में न्यूनतम कुल स्कोर प्राप्त करना होगा (जो तय कीया जाएगा) और वर्णनात्मक परीक्षा में भी उत्तीर्ण होना होगा ।

**वर्णनात्मक परीक्षा :**

| अनु. क्र. | प्रश्नावली | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पत्र लेखन | प्र. 1. पत्र (विकल्पों में से एक) | 15 | 30 मिनट |
| 2. | निबंध लेखन | प्र. 2. निबंध (विकल्पों में से एक) | 10 | |

**उम्मीदवार को वर्णनात्मक परीक्षा उत्तीर्ण करनी अनिवार्य है परंतु वर्णनात्मक परीक्षा के अंक साक्षात्कार की शार्टलिस्टिंग या अंतिम चयन के लिए नहीं जोड़े जाएंगे ।**

**वर्णनात्मक प्रश्न कंप्यूटर के परदे पर प्रदर्शित होंगे । प्रश्न कुंजी पटल का प्रयोग करके टंकित करना है । वर्णनात्मक पत्र में प्रश्नों का उत्तर टंकित करना शुरू करने से पहले कृपया कुंजी पटल की सभी कुंजी के कार्य की जांच करलें प्रश्न का उत्तर देने के लिये आपको 30 मिनट मिलेंगे ।**

## वर्णनात्मक परीक्षा के लिए विवरण

1. परीक्षा देने हेतु अलग से किसी लॉग-इन की आवश्यकता नहीं है।
2. वस्तुनिष्ठ परीक्षा के स्वतः जमा होने पर यह परीक्षा स्वतः शुरू हो जाएगी।
3. प्रश्न कंप्यूटर के मॉनिटर पर दर्शाए जाएंगे।
4. एक बार में केवल एक प्रश्न दर्शाया जाएगा।
5. प्रश्न अंग्रेजी में होंगे और उनके उत्तर कीबोर्ड का प्रयोग करते हुए उनके लिए दिए गए स्थान पर टाईप करने होंगे ।

**कृपया ध्यान दें:** "टाइप करते समय यदि आप 'स्पेस बार' **(Space bar)** दबाते हैं और फिर 'एंटर कुंजी' (**Enter key**) दबाते हैं, तो 'कर्सर' (**cursor)** अगली पंक्ति में नहीं जाएगा । हालाँकि यदि आप अंतिम शब्द के तुरंत बाद 'एंटर कुंजी' (**Enter key**) दबाते हैं, तो 'कर्सर' (**cursor)** अगली पंक्ति में चला जाएगा । आपको इस बात पर भी ध्यान देना होगा कि यदि स्पेस बार **(Space bar)** / एंटर कुंजी (**Enter key**) को एक से अधिक बार दबाया जाएगा तो सिस्टम (**system**) उसे एक की स्ट्रोक (**single keystroke**) मानेगा (यानी कि एक स्पेस **(Space)** और एक एंटर (**Enter**) अगली लाइन में)

### वस्तुनिष्ठ प्रकार पेपर के दौरान 'की बोर्ड की' को क्लिक ना करें ।

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## नमूना प्रश्न

## तर्कशक्ति और कंप्यूटर अभिवृत्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह से सोच सकते हैं और कम्प्यूटर के साथ काम करने की आपकी अभिरूचि/ज्ञान संबंधी निर्णय लेने के लिये भी है । इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे । यहाँ नमूना के तैर पर प्रश्न दिये हैं ।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में, पांच अक्षर समूह या शब्द दिये गये हैं । इनमें से चार अक्षर समूहों या शब्दों में किसी न किसी प्रकार की समानता है जबकि एक भिन्न है । ज्ञात कीजिए कि कौनसा एक भिन्न है ।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) रंग (5) पीला

**प्र.2.** (1) BC (2) MN (3) PQ (4) XZ (5) ST

**प्र.3.** (1) आम (2) सेब (3) संतरा (4) अमरूद (5) गुलाब

**निर्देश :** नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्न में एक प्रश्न चिह्न लगा है । उसके नीचे दिये गये पाँच विकल्पों में से केवल कोई एक ही उस तरह के संबंध को प्रकट करता हैं जो कि प्रश्न में :: चिह्न के बायीं ओर वाले दो शब्दों में है । सही उत्तर ज्ञात कीजिये ।

**प्र.4.** चरण : मनुष्य :: खुर : ?

(1) पैर (2) कुत्ता (3) घोड़ा (4) लड़का (5) जूता

**प्र.5.** दिन : रात :: दयालु : ?

(1) अंधेरा (2) प्रकाशमान (3) क्रूर (4) उदार (5) कृतज्ञता

**प्र.6.** झोपड़ी : महल :: खरगोश : ?

(1) गड्ढा (2) गाजर (3) हाथी (4) छोटा (5) चूहा

**प्र.7.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.8.** 'कुछ नेता बेईमान होते हैं । सत्यप्रिय नेता है ।' इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है (2) सत्यप्रिय बेईमान है (3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं

(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं (5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**प्र.9.** यदि 'A " B' का अर्थ है 'A में B जोडें', 'A ' B' का अर्थ है 'A में से B घटायें', 'A # B' का अर्थ है 'A को B से विभाजित करें' और 'A ⊗ B' का अर्थ है 'A का B से गुणा करें'; तब निम्नलिखित में से कौनसा दो दिन के विक्रय का औसत है जब $S_1$ और $S_2$ क्रमशः पहले और दूसरे दिन के विक्रय हैं ?

(1) ($S_1$ ' $S_2$) # 2 (2) 2 # ($S_1$ " $S_2$) (3) ($S_1$ " $S_2$ # 2)

(4) ($S_1$ ⊗ $S_2$) # ($S_1$ " $S_2$) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.10.** मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड अठारह वर्ष से अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति मतदान कर सकता है । बीस वर्ष पूर्व जन्मा हुआ मधु मतदान कर सकता है या नहीं यह पता लगाने के लिए निम्नलिखित में से और क्या जानकारी आवश्यक है ।

(I) मधु की जन्म तारीख (II) मधु मतदाता के रुप में रजिस्टर्ड है या नहीं.

(1) केवल I (2) केवल II (3) या तो I और II (4) न तो I और नही II (5) I और II दोनों

**प्र.11.** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिये गए हैं । आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य समझना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से मेल न खाते हों । दोनों निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय किजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा निष्कर्ष तर्कसंगत रुप से इन दोनों कथनों का अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों ।

कथन : सभी मशीन खिड़कीयां है । सभी खिड़कीयां बादल हैं ।

निष्कर्ष : I सभी मशीन बादल हैं ।

निष्कर्ष : II सभी बादल मशीन हैं ।

(1) कोई अनुसरण नहीं करता है । (2) केवल I अनुसरण करता है । (3) I और II दोनों अनुसरण करते हैं ।

(4) केवल II अनुसरण करता है । (5) या तो I या II अनुसरण करता है ।

**प्र.12-13.** निम्नलिखित प्रश्नों में अंक एवं प्रतीक समूह को दी गई योजना और शर्तों के अनुसार अक्षर कोड देकर कोडबद्ध किया जाता है। आपको उस अक्षर कोड समूह के क्रमांक का पता लगाना है, जो अंक प्रतीक के संयोजन का सही ढंग से निरुपण करता है । उस अक्षर कोड का क्रमांक ही आपका उत्तर होगा । यदि कोई भी अक्षर कोड समूह सही न हो तो उत्तर (5) अर्थात 'दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य' दीजिए ।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अंक/प्रतीक | : | 2 | $ | @ | 7 | 6 | # | 8 |
| अक्षर कोड | : | Q | B | H | L | F | M | T |

**शर्तें :**

1. यदि पहला और अंतिम तत्व एक प्रतीक हो तो दोनों को 'A' कोड दिया जाएगा ।
2. यदि पहला तत्व एक सम अंक है और अंतिम तत्व एक प्रतीक है तो उनके कोड परस्पर बदले जाएँगे ।

**प्र.12.** 67@2#

(1) FLHQM (2) MLHQF (3) MLQHE (4) FLQHM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य**Error! Bookmark not defined.**

**प्र.13.** $687#

(1) AFTLA (2) AFTLM (3) BFTLA (4) BFTLM (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## सामान्य सचेतता (अर्थव्यवस्था और बैंकिंग पर विशेष ध्यान रखते हुऐ) और कंप्यूटर ज्ञान

यह प्रश्नावली समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अतीत और वर्तमान व्यक्तियों और घटनाओं के प्रति आपकी जागरूकता का पता लगाने के लिये है।

**प्र.1.** **काले धन को सफेद (वैध) करने** (money laundering) के जोखिम का सामना करने के लिए निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने अपने ग्राहक को जानों (know your customer) योजना शुरू की है ?
(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड
(4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** भातर में, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र ने, राज्यों की आय की वृद्धी तय करने में, अधिकतम योगदान दिया है ?
(1) ऊर्जा (2) पर्यटन (3) सेवा (4) परिवहन (5) कृषि

**प्र.3.** निम्नलिखित में से वह कौन सा राज्य है जिसमें गरीबी रेखा के नीचे रहनेवाले लोगों की संख्या अधिकतम हैं ?
(1) बिहार (2) आंध्र प्रदेश (3) उत्तर प्रदेश (4) राजस्थान (5) उड़िसा

**प्र.4.** निम्नलिखित में से कौनसा व्यक्ति ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम से नजदिकता से जुड़ा है और पद्म विभूषण से सन्मानित किया गया है ?
(1) डा. वी. कुरीयन (2) डा. एम्. एस्. स्वामीनाथन (3) डा. अमर्त्य सेन
(4) श्री एल्. के. अडवानी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** मौद्रिक नीति का संबंध ________ से है ?
(1) मुद्राकी आपूर्ति में परिवर्तन (2) वित्तिय लिखितों के क्रम -विक्रम (3) रोजगार घटाने होने
(4) (1), (2) और (3) सभी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** असंगत का चयन कीजिए।
(1) मॉनिटर (2) कुंजी पटल (3) फ्लापी ड्राइव (4) विन्डोज (5) हार्डडिस्क ड्राइव

**प्र.7.** LAN का पूर्ण रुप ________
(1) लोकल (Local) आक्सेस (Access) नेटवर्क (Network) (2) लोकल (Local) एरीया (Area) नेटवर्क (Network)
(3) लोंग (Long) एरीया (Area) नोड (Node) (4) लोकल (Local) एरीया (Area) नोड (Node)
(5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.8.** ________ कंप्यूटर का एक आउटपुट डिवायस है।
(1) प्रिन्टर (2) CPU (3) मॉनिटर (4) की बोर्ड (5) CD

**प्र.9.** RAM का पूरा रुप क्या है ?
(1) Random Adaptive Mouse (2) Random Adaptive Memory (3) Random Access Memory
(4) Random Access Mouse (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## अंग्रेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान की परीक्षा करना है। व्याकरण, शब्दावली, वाक्य पूर्ण करना, समानार्थी, विलोमार्थी, अनुच्छेद की बोधगम्यता आदि प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा की जाएगी। नीचे कुछ नमूने के प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें।

**निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें।

**प्र.1.** He quickly glanced .............................. the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

**प्र.2.** The counsel urged the court to ........................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**प्र.3.** The local official ........................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी। उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है। यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर (5) है।

**प्र.4.** I am twenty / two years old / when I first / joined the bank. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

**प्र.5.** To the Hindus / the Ganga is / holier than / any other river. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

**प्र.6.** Of all the teachers / in our school / our class teacher / were very strict. No error
(1) (2) (3) (4) (5)

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द के अर्थ के समीप हो।

**प्र.7.** LETHAL
(1) light (2) dangerous (3) deadly (4) cruel (5) thoughtless

**प्र.8.** CENTENARY
(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man
(4) hundred runs (5) hundredth anniversary

**प्र.9.** TRIUMPH
(1) conquer (2) smash (3) earn (4) brave (5) capture

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न में दिये गये पाँच विकल्पों में से ऐसा शब्द चुनें जो अर्थ की दृष्टि से बड़े अक्षरों में लिखे गये शब्द का विपरीतार्थी हो।

**प्र.10.** LIVELY
(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**प्र.11.** INADVERTENT
(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

**प्र.12.** INEPT
(1) accurate (2) skilful (3) sensible (4) artistic (5) apt

## संख्यात्मक अभियोग्यता (डाटा विश्लेषण पर विशेष जोर के साथ)

यह प्रश्नावली संख्यात्मक गणनाओं, जैसे संगणन, संख्यात्मक तर्कसंगतता, सारणियों एवं आलेखों से निष्कर्ष निकालना आदि में आपकी गति एवं शुद्धता की जाँच के लिये है।

**प्र.1-3.** निम्नलिखित सारणी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**एक चयन परीक्षा में लिखित परीक्षा में 300 में से और साक्षात्कार में 100 में से उम्मीदवारों के प्राप्तांकों के अनुसार 1000 उम्मीदवारों का वर्गीकरण**

| लिखित परीक्षा अंक | साक्षात्कार के अंक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 से कम | 30-39 | 40-49 | 50-59 | 60-69 | 70 और अधिक |
| 260 और अधिक | 8 | 18 | 26 | 18 | 26 | 4 |
| 210 से 259 | 5 | 4 | 30 | 22 | 10 | 9 |
| 160 से 209 | 16 | 10 | 45 | 56 | 18 | 9 |
| 110 से 159 | 28 | 42 | 100 | 190 | 15 | 5 |
| 60 से 109 | 35 | 115 | 20 | 8 | 7 | 5 |
| 60 से कम | 32 | 32 | 20 | 4 | 6 | 2 |

**प्र.1.** कितने उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में 69 प्रतिशत और अधिक अंक मिले हैं ?
(1) 22 (2) 49 (3) 13 (4) 9 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लगभग 325 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण करना है तो उत्तीर्ण होने के लिए कितने प्रतिशत अंक होने चाहिए ?
(1) 20 से अधिक (2) 70 से अधिक (3) 36 से अधिक
(4) 63 से अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** लगभग 42 प्रतिशत उम्मीदवार साक्षात्कार के अंकों की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आते हैं ?

(1) 110-159 (2) 110 और कम (3) 50 से 70
(4) 50 और अधिक (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

कुछ प्रश्नों में अंकगणितीय तर्कशक्ति आवश्यक होगी । जैसे :

**प्र.4.** 10 पैसे प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने पैसे होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 610 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सटीक गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** यदि 10 रुपये में एक पैन बेचने पर लाभ उसकी लागत के बराबर है, तो पैन का मूल्य क्या है ?

(1) 3/- रु. (2) 5/- रु. (3) 10/- रु. (4) 20/- रु. (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

इसके अतिरिक्त आलेखों और सारणियों पर भी कुछ प्रश्न पूछे जा सकते हैं ।

**प्र.7-9. निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी I सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| % विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विशेषता | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.7.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?

(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) सामाजिकता (5) कार्य निपुणता

**प्र.8.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?

(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) 70 (5) 10

**प्र.9.** पदोन्नति के लिए सबसे कम महत्वपूर्ण विशेषता किसे माना गया है ?

(1) ईमानदारी (2) बुद्धिमत्ता (3) अध्यवसाय (4) कार्य निपुणता (5) सामाजिकता

## वर्णनात्मक परीक्षा

**प्र.1.** Write a letter on any **ONE** of the following

- Write a letter to your younger brother explaining him how Insurance Sector has changed in the last decade in India.
- Write a letter to the Branch Manager of your Insurance company sharing a good experience of customer service in settling a claim (Based on year experience or reading).

**प्र.2.** Write an essay on any **ONE** of the following topics

- Three effective measures to eradicate illiteracy in India. Explain how the measures suggested by you will be effective.
- It is often said that computerization results in unemployment. Do you agree? Explain.

## 3. ऑन-लाईन परीक्षा का विवरण :

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार के सही उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो सही है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो** ।

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :

1 आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।

2 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।

3 आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।

4 आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिन्हित किया है।

5 प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिन्हित है , उसका मूल्यांकन किया जायेगा ।

पुनर्विचार के लिए चिह्नित (**Marked for Review**) स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए तरफ स्थित प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए ।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए ।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए ।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या उत्तर देने के बाद 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।**

(14) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा ।

(15) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(16) दिए गए समय की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(17) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को 'फाइनली सबमिट' करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार वस्तुनिष्ठ परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

## (ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पृष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए। (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और राष्ट्रीय आवास बैंक प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी । **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावे-पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - **यह अनिवार्य है । कृपया यह बुलावा-पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में ड्राप बाक्स में डाल दें ।** वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं- **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/ फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा फोटो के साथ जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/आधार कार्ड/फोटो युक्त ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें - राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । **उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल दिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना/अपना विवाह प्रमाण पत्र/शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमती प्रदान की जाएगी** ।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा, यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ राष्ट्रीय आवास बैंक उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(8) आपको अपने साथ एक बाल-पाइंट पेन और एक व्यक्तिगत स्याही स्टैम्प पैड (ब्लू / ब्लैक) लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको निर्देशित तय स्थान पर कागज का यह पन्ना, बुलावा पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए ।

(9) परीक्षा के संचालन में किसी समस्या के आने की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है जिसकी वजह से टेस्ट डिलिवरी और/या रिजल्ट प्रभावित हो सकता है । ऐसी स्थिति मे समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा, जिसमे यदि जरुरी हुआ तो फिर से परीक्षा ली जा सकती है । इस संबंध में परीक्षा संचालन संस्था का निर्णय अंतिम रहेगा । इस तरह के परीवर्तन को स्वीकारने के लिए अनिच्छुक अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी ।

(10) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(11) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(12) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे राष्ट्रीय आवास बैंक की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

## सामाजिक दूरी पद्धति से परीक्षा संचालन संबंधी अनुदेश

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित **और / या** परीक्षा तिथि से पूर्व उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर/मेल पर SMS/मेल के जरिए सूचित समयावधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। अभ्यर्थियों से इस समयावधि का सख्ती से पालन अपेक्षित है – क्योंकि परीक्षा स्थल पर प्रवेश की अनुमति संबंधित अभ्यर्थी को **केवल** उसे आबंटित समयावधि में ही मिलेगी। अभ्यर्थी को बुलावा पत्र में दिए गए रिपोर्टिंग समय से न्यूनतम 15 मिनट पहले रिपोर्ट करना चाहिए।
2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।
3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री
   अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल कुछ निश्चित सामान लाने की अनुमति होगी
   a. मास्क **(मास्क पहनना अनिवार्य है)**
   b. दस्ताने
   c. पानी की अपनी पारदर्शी बोतल **(अभ्यर्थी अपनी पानी की बोतल लेकर आएँ)**
   d. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)
   e. एक सामान्य पेन और एक व्यक्तिगत स्याही स्टैम्प पैड (ब्लू / ब्लैक)
   f. परीक्षा संबंधी कागजात (बुलावा पत्र जिसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)
   g. बुलावा पत्र इसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न कर के लाएँ। मूल ID (फोटोप्रति वाली) भी सत्यापन हेतु साथ लेकर आएँ। ID तथा बुलावा पत्र पर नाम बिलकुल एक जैसा होना चाहिए।
   h. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में –विधिवत भरा व फोटोग्राफ लगा कर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म

   परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।
4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।
5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।
6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।
7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपने दस्ताने, N95 मास्क, सैनिटाइज़र (50 मिली) और पानी की पारदर्शी बोतल लानी चाहिए। अभ्यर्थी और स्क्राइब दोनों को N95 मास्क पहनकर रखना होगा।
8. अभ्यर्थी द्वारा अपने मोबाइल फोन में आरोग्य सेतु एप्प जरूर इन्सटाल किया हुआ होना चाहिए। आरोग्यसेतु स्टेटस में अभ्यर्थी का जोखिम स्तर जरूर दर्शाया हुआ होना चाहिए। अभ्यर्थी को यह स्टेटस परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। यदि अभ्यर्थी के पास स्मार्ट फोन नहीं है तो उसे इस आशय की हस्ताक्षरित घोषणा (घोषणा बुलावा पत्र के साथ उपलब्ध करायी गई है) लानी होगी और इसे परीक्षा स्थल में प्रवेश करते समय सुरक्षा गार्ड को दिखाना होगा। उन अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी जिनका आरोग्यसेतु एप्प स्टेटस माडरेट अथवा अधिक जोखिम वाला है। यदि घोषणा में की गई किसी भी रेस्पांस से कोविड-19 संक्रमण/लक्षण के बारे में पता चलता है तो अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल के अंदर प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी इन्हीं निर्देशों का पालन करना होगा)
9. **प्रवेश द्वार पर आरोग्यसेतु स्टेटस दिखाने के बाद अभ्यर्थियों को अपने मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर तय स्थान पर जमा करने होंगे और परीक्षा स्थल से बाहर निकलते समय वापस इन्हें लेना होगा ।**
10. प्रवेश द्वार पर सभी अभ्यर्थियों (और स्क्राइब, यदि लागू है) के तापमान की जांच थर्मामीटर गन से की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति का तापमान सामान्य से अधिक (>$99.14^0$ F) होता है या वायरस का कोई लक्षण दिखाई देता है तो उसे स्थल में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।
11. अभ्यर्थी पंजीकरण में:
    **a. अभ्यर्थी का पंजीकरण फोटो लेकर किया जाएगा। ली गई फोटो आवेदन (बुलावा पत्र में यथा मुद्रित) में आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से मिलायी जाएगी। आपकी शक्ल/रूप-रंग आपके द्वारा अपलोड की गई फोटो से अलग नहीं होनी/होना चाहिए।**
    **b. फोटोग्राफ अभ्यर्थी के खड़े होने की मुद्रा में लिया जाएगा**
    **c. अभ्यर्थी को सीट क्रमांक दिया जाएगा**
12. रफ शीट, बुलावा पत्र और ID प्रमाण प्रबंधन
    - अभ्यर्थी, प्रत्येक अभ्यर्थी डेस्क पर रखी रफ शीट का इस्तेमाल करेंगे।
    - अभ्यर्थी को लैब/स्थल को छोड़ते समय उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या किसी तय स्थान पर ID प्रमाण प्रति सहित बुलावा पत्र डालने के संबंध में निर्देशों का पालन अवश्य करना चाहिए। स्क्राइब की सेवाओं का लाभ उठाने वाले अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र और ID प्रमाण की प्रति सहित स्क्राइब फॉर्म जमा करना चाहिए।

- अभ्यर्थी को लैब/स्थल से बाहर निकलते समय, वहाँ उपलब्ध कराए गए बॉक्सों में या परीक्षा पदाधिकारियों द्वारा निर्देशित तय स्थान पर रफ शीट, बुलावा पत्र, ID प्रमाण की प्रति अनिवार्यतः डालनी चाहिए।

13. परीक्षा आयोजित होने के बाद नियंत्रण:
    - परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

# आपको शुभकामनाएं